तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **रामविलास** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 85/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16/12/2024	अपीलार्थी रामविलास निवासी 2/11, ठोलिया भवन किर्ती नगर, पुलिस चौकी के सामने, रामसागर चौराहा, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में पत्र दिनांक 19.07.2024 को ग्राम भाखरों की ढाणी तहसील बोरून्दा के खसरा नंबर 2254 की वर्ष 1985 से 1995 का ट्रेस नक्सा एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 12330 दिनांक 27.11.2024 से बतलाया कि कार्यालय के पत्रांक 7627 दिनांक 30.07.2024 द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के अंतर्गत तहसीलदार पीपाड़शहर को अंतरित की गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़शहर) के स्तर लंबित है अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़शहर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी को चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.16 15:16:38 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12458316